Title: Need for early construction of Ganga Barrage in Kanpur, Uttar Pradesh.

श्री श्रीप्रकाश जायसवाल (कानपुर): सभापति महोदय, कानपुर महानगर में गंगा बैराज के निर्माण का विषय काफी समय से लम्बित है। इस पर कार्य न होने के कारण कानपुर नगर की पेयजल समस्या दिनोंदिन विकराल रूप धारण करती जा रही है। कानपुर की पेयजल समस्या के स्थाई निदान के लिए वहां पर गंगा बैराज का निर्माण अत्यन्त आवश्यक है। इसके निर्माण से न केवल पेयजल की समस्या का निदान होगा वरन् गंगा के कटाव को रोक कर उन्नाव जिले की लाखों एकड़ उपजाऊ भूमि को भी बचाया जा सकेगा। यही नहीं गंगा कटाव के रुकने से कानपुर नगर में बन्द पड़े पन बिजली घर को पुनः चालू करने में भी सहायता मिलेगी, जिससे कि वहां की विद्युत समस्या के समाधान में भी सहायता प्राप्त होगी।

अतः केन्द्र सरकार से मेरा अनुरोध है कि गंगा बैराज के निर्माण का कार्य शीघ्र पूरा किया जाए।